वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 24 मंगलवार 23 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजस्थान रोडवेज का ट्रायल फेल

### दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे पर और मुंबई के लिए चलाई बसें एक महीने में ही बंद

**जयपुर. कासं**

राजस्थान की रोडवेज की ओर से जयपुर से मुंबई (कल्याण) के लिए सीधी बस सर्विस और दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे से संचालित दिल्ली की बसों पर ब्रेक लग गए हैं। इस बस का संचालन फरवरी में शुरू किया था, लेकिन पैसेंजर लोड नहीं मिलने के कारण रोडवेज ने बसों का संचालन बंद कर दिया। राजस्थान रोडवेज सूत्रों के मुताबिक मुंबई के कल्याण के लिए चलाई जाने वाली बस में तो शुरूआती दिनों में 50 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली रही, जिसके कारण संचालन घाटे को देखते हुए बस को कुछ समय बाद ही बंद करना पड़ा। ये बस रोडवेज ने डेली दोपहर 2 बजे चलाई थी, लेकिन इसमें पैसेंजर नहीं आए। इसी तरह जयपुर से दिल्ली के लिए सुबह और शाम संचालित बस का संचालन भी दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे से बंद कर दिया।

## अब शुरू होगा 'हमें चाहिए जयपुर एक' अभियान

### समर्थन में राज्यपाल-मुख्यमंत्री समेत सभी नेताओं को सौंपेंगे ज्ञापन, 28 मई को सूर्य मंदिर पर की जाएगी महाआरती

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर को दो जिलों में बांटने से खफा शहरवासियों ने आंदोलन तेज करने की तैयारी कर ली है। जयपुरवासी अब राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेताओं को ज्ञापन देने के साथ नए सिरे से ''**हमें चाहिए जयपुर एक**'' अभियान शुरू करेंगे। इसके लिए अगले सप्ताह 28 मई को गलता की पहाड़ी स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। जयपुर शहर को एक जिला बनाए रखने के लिए चलाए गए म्हारो जयपुर, प्यारो जयपुर अभियान की समीक्षा की गई और आगामी रूपरेखा तय करने के लिए चर्चा हुई। अभियान से जुड़े सुनील कोठारी ने बताया की सरकार द्वारा हाल ही में 15 नव गठित जिलों में ओएसडी लगाए, लेकिन जयपुर तथा जोधपुर के जो चार जिले बनाए गए उनमें ओएसडी नियुक्त नहीं करना दशार्ता है कि सरकार भी जयपुर के दो टुकड़े करना नहीं चाहती है लेकिन तक सरकार अधिकृत रूप से जयपुर को दो जिलों में विभक्त ना करके एक ही जिला बनाए रखने की घोषणा नहीं कर देती तब तक जयपुरवासियों का आंदोलन जारी रहेगा। अब राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता तथा सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से मिलकर उन्हें ज्ञापन देंगे। इससे पूर्व 28 मई को गलता स्थित सूर्य मंदिर पर 'हमें चाहिए जयपुर एक' के समर्थन में महाआरती भी होगी।

### बैठक में शहर के सैकड़ों लोगों ने दिया समर्थन

सोमवार को बैठक हुई, जिसमें पूर्व मेयर ज्योति खण्डेलवाल, जितेन्द्र सिंह शेखावत, तेज सिंह, विमल अग्रवाल, सुभाष गोयल, ललित सिंह



सांचोरा, धनंजय सिंह, सूरजभान सिंह आमेरा, विष्णु जायसवाल, गजेंद्र सिंह पंचलंगी, मनीष सोनी, डॉ. राजीव कुमार सक्सेना, अशोक भगत, जुगल शर्मा, शशांक जैमिनी, वर्तिका सैन, गिरधारी कुमावत, विक्रम सिंह परिहार, शालिनी शर्मा, आशीष क्रांतिकारी, मोहनलाल सिंह, समंदर सिंह, धर्मेंद्र सिंह राठौड़, सुनील जैन, वेद प्रकाश जायसवाल, रोहित अजमेरा, ललित लकवाल, दिपेश शर्मा, आलोक जैन, दिलीप जौहरी, कुलदीप शर्मा, धीरज शर्मा, राजेश वर्मा, राजकुमार अजमेरा, अजय पारीक, धनराज सोलंकी, कमल मिश्रा, अमित महता, राम सिंह, नवीन जैन, आयुष माल, प्रदीप कुमार, मीना जैन, संजय, मनोज कौशिक, अर्जुन शर्मा, हेमराज आदि शामिल हुए।

## गर्मी के कारण पेयजल की डिमांड 20 फीसदी तक बढ़ी

### पेयजल संकट के कारण प्रदेशभर में रोजाना हो रहे है धरने प्रदर्शन

**जयपुर. कासं**

प्रदेश में गर्मी के कारण पेयजल की डिमांड 20 फीसदी तक बढ़ी है, लेकिन जलदाय विभाग की ओर से पानी की सप्लाई नहीं बढ़ाई है। पेयजल संकट के कारण प्रदेशभर में रोजाना धरने प्रदर्शन हो रहे है। विभाग ने हालात नहीं सुधारे तो यह कानून-व्यवस्था को लेकर अनकंट्रोल हालात हो जाएंगे। प्रदेश के 11,440 गांव व 119 शहर-कस्बों में टैंकरों से पेयजल सप्लाई हो रहा है, लेकिन केवल प्रभावशाली व राजनीतिक सिफारिश वालों को ही टैंकर का पानी मिलने की शिकायतें मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी ने तीन दिन तक पानी व बिजली के बिगड़े हालात को लेकर उपखंड स्तर पर



प्रदर्शन दिया और रोजाना सरकार को घेरा जा रहा है। वहीं पेयजल संकट को भाजपा की ओर से चुनावी मुद्दा बनाने से मौजूदा सरकार के लिए दिक्कत हो रही है। गर्मियों में लोग पेयजल संकट से जूझ रहे है और मॉनिटरिंग करने वाले चीफ इंजीनियरों के पास दोहरा चार्ज होने के कारण फील्ड में कार्य नहीं हो पा रहा है। चीफ इंजीनियर ग्रामीण आरके मीना के पास जल जीवन मिशन का चार्ज भी है। वहीं चीफ इंजीनियर केडी गुप्ता के पास विजिलेंस व शहरी चीफ इंजीनियर का चार्ज है। जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर (ग्रामीण) आरके मीना का कहना है कि विधायकों की अभिशंषा पर ट्यूबवेल बनाने के लिए कह दिया है। फील्ड में काम चल रहा है। प्रोग्रेस की जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में हर विधायक को 10 ट्यूबवेल व 40 हैंडपंप दिए थे। विभाग को 2000 ट्यूबवेल व 8000 हैंडपंप बनाने है। लेकिन अभी तक इंजीनियरों ने 50 फीसदी ट्यूबवेल व हैंडपंप को कमीशन नहीं किया है।



सखी गुलाबी नगरी
सखी गुलाबी नगरी
PRESENTS
Main Sponsor
Manglam BDL
आपका सपना हमारा प्रयास
Shubh Manglam
Women Excellence Award
Taarangना '23
UP ON THE FLOOR
Powered by
manipalhospitals
LIFE'S ON
स्थान : बिरला सभागार, स्टेच्यू सर्किल, जयपुर दिनांक : 24 मई 2023 बुधवार
रजिस्ट्रेशन : दोपहर 1.00 बजे से हाई टी : दोपहर 1.00 से 2.30 बजे तक लाईव म्यूजिकल प्रोग्राम : दोपहर 2.00 से 3.30 बजे तक
हेल्थ टॉक शो दोपहर 3.30 से 4.00 बजे तक वेलकम एण्ड अवार्ड समारोह सायं 4.00 से 5.00 बजे नॉन स्टॉप लाईव म्यूजिक व डांस सायं 5.00 से 8.00 बजे तक डिनर : सायं 6.00 बजे से
मुख्यअतिथि
माननीय श्री अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार
अति विशिष्ठ अतिथि श्री बी.डी. कल्ला शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार
अति विशिष्ठ अतिथि श्रीमती ममता भूपेश महिला एवं बाल विकास मंत्री, राज. सरकार
समारोह गौरव श्री जगदीश चन्द्र कातिल सीएमडी, फर्स्ट इंडिया टीवी
समारोह गौरव श्री एन. के. गुप्ता चेयरमैन, मंगलम ग्रुप
दीप प्रज्जवलनकर्ता श्री जे.के. जैन अध्यक्ष श्री नेमिनाथ दि. जैन समाज समिति
गौरवमयी उपस्थिति श्री रंजन ठाकुर डायरेक्टर मणिपाल हॉस्पिटल
गौरवमयी उपस्थिति श्री सुधांशु कासलीवाल अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी
गौरवमयी उपस्थिति श्रीमति सोनिल अग्रवाल Head Social Initiative JECREC University
गौरवमयी उपस्थिति श्री भागचन्द गोधा समाज श्रेष्ठी
विशिष्ट अतिथि श्रीमति रेनू बिलाला डायरेक्टर यूनिक्लेन हैल्थकेयर
विशिष्ट अतिथि श्रीमति सुलोचना जैन डायरेक्टर यूनिक्लेन हैल्थकेयर
विशिष्ट अतिथि श्री सुरेन्द्र सुराना सीएमडी पुष्प मसालें
विशिष्ट अतिथि श्री वेदान्त गर्ग एडवाईजर एण्ड सीईओ
विशिष्ट अतिथि मि. राज CMD, KTC Group
विशिष्ट अतिथि श्री नितिन सेठी Co Founder, Learn to Read
अलिशा जैन ब्रांड एम्बेसेडर
अनिला कोठारी संरक्षक
रितु कासलीवाल संरक्षक
कुसुम संघी संरक्षक
ममता सौगानी संरक्षक
राखी गंगवाल संरक्षक
Gift Hamper Sponsored
PUSHP SPICES
Uniclan
Lucky Draw Sponsor
Uniclan
Live Music & Dance
Upto 8 pm
Do-Re-Mi
LIVE MUSIC
आलोक कातदरे (बॉलीवुड सिंगर मुम्बई)
गुल सक्सेना (सोनी टीवी फेम, मुम्बई)
डॉ सुनित सेखरी (बिग चेलेन्ज शॉ विनर दिल्ली)
प्रदीप पल्लवी (कॉमेडियन लाफ्टर चेलेन्ज शॉ स्टार टीवी चैनल विनर, मुम्बई)
अपूर्व शर्मा बॉलीवुड सिंगर सा रे गा मा जी टीवी फेम
Sponsored by
JECRC UNIVERSITY
MEDIGENE
KTC GROUP
HCG The Specialist in Cancer Care
Learn2Read
अनिता जैन उपाध्यक्ष
सुषमा जैन उपाध्यक्ष
ममता सेठी संयुक्त मंत्री
मोनिका जैन संयुक्त मंत्री
रितु जैन संयुक्त मंत्री
नेहा जैन कोषाध्यक्ष
मनीषा जैन सांस्कृतिक मंत्री
रेशमा गोदीका मीटिंग कॉर्डिनेटर
आशा जैन पी.आर.ओ.
कार्यकारिणी सदस्य
अनिता जैन
अंशु जैन
इंदु जैन
नीमा सौगानी
नीलू जैन
निकिता जैन
रानी पाटनी
सुनीता जैन
सुनीता कसेरा
सरोज जैन
सारिका जैन अध्यक्ष
स्वाति जैन सचिव
संयोजक : रश्मि सेठी, मोनिका जैन, सुनीता जैन, भानुप्रिया जैन, आभा सेठी, सरिता जैन, सुनीता जैन, ज्योति जैन, पूनम कासलीवाल, निशा जैन
आयोजक :– सखी गुलाबी नगरी जयपुर
सम्पर्क सूत्र 9530269637
नोट : कार्यक्रम में प्रवेश पास द्वारा ही होगा • एक पास पर एक ही सदस्य की एन्ट्री कि जायेगी जो कि नि:शुल्क है। • 3 बजे तक आने वाले सदस्या ही आर्कषक गिफ्ट हैम्पर की हकदार होंगी।
• लक्की ड्रॉ के लिए सदस्य का स्वयं का उपस्थित होना जरुरी है। • कार्यक्रम में छोटे बच्चों को लाना निषेध है। कार्यक्रम सिर्फ महिलाओं के लिए है।
प्रवेश पास द्वारा ही दिया जायेगा।

# संघ-समाज के हित में समर्पित भाव से कार्य करेगा चंदनबाला महिला मण्डल

## चन्दनबाला महिला मण्डल अहिंसा भवन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथग्रहण

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** शहर के शास्त्रीनगर स्थित अहिंसा भवन के चंदनबाला महिला मण्डल की नवगठित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष नीता बाबेल सहित पदाधिकारियों को वरिष्ठ सुश्राविका शिक्षाविद् प्रो. डॉ. इन्दु बापना ने पद की शपथग्रहण कराई एवं समाजहित में कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।शपथ लेने वालों में संरक्षक मंजू बाफना, मंजू पोखरना, सलाहकार उमा आंचलिया, कमला चौधरी, उपाध्यक्ष वनिता बाबेल, अंजना सिसोदिया, मंत्री रजनी सिंघवी, सह मंत्री वंदना लोढ़ा, कोषाध्यक्ष सुनीता झामड़, प्रचार प्रसार मंत्री आशा संचेती, शिक्षा मंत्री सरोज मेहता, संगठन मंत्री रश्मि लोढ़ा शामिल थे। शपथग्रहण के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए चंदनबाला महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती नीता बाबेल ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब हम संघठित होकर निस्वार्थभाव भाव से चातुर्मास मे होने वाले कार्य क्रमों मे भागीदारी निभायेंगे तभी स्वयं के साथ जैन समाज को आगे बढ़ा सकते है। वह तभी संभव होगा जब हम एकजुट होकर समाज सेवा के साथ सभी को धर्म से जोड़ेंगे तभी समाज का गौरव ओर बढ़ेगा और श्री संघ की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अहिंसा भवन के आगामी चातुर्मास को जप, तप व भक्ति की दृष्टि से यादगार बना सकेंगे। महिला मण्डल की पूरी टीम श्री संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में धर्म की दृष्टि से वर्ष 2023 के चातुर्मास को सफल बनाने के लिए तत्पर है। उनका पूरा प्रयास रहेगा कि संघ व समाज के हित में समर्पित भाव से श्रेष्ठ कार्य महिला मण्डल के माध्यम से किए जाए ओर समाज हित के कार्यो को प्रोत्साहन मिले। श्रीसंघ की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए सब मिलकर कार्य करेंगे। समारोह में अहिंसा भवन श्रीसंघ के मंत्री रिखबचन्द पीपाड़ा, संरक्षक हेमंत आँचलिया, महिला मंडल संरक्षिका मंजु बाफना, पूर्व अध्यक्ष मंजु पोखरना, सलाहकार कमला चौधरी, मंत्री रजनी सिंघवी , उपाध्यक्ष वनिता बाबेल, शिक्षा मंत्री सरोज मेहता ने भी उद्बोधन दिया। समारोह में अहिंसा भवन श्रीसंघ के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल, निवर्तमान अध्यक्ष अशोक पोखरना, शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़, उपाध्यक्ष सुशील चपलोत, शांतिलाल कांकरिया, हिम्मत बापना, अमरसिंह बाबेल, ओम प्रकाश जी सिसोदिया, ललित बाबेल, प्रशांत बाबेल, सिद्धार्थ बाबेल, चंदनबाला महिला मण्डल की निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिमा बंब, रजनी जैन, संजूलता बाबेल,लाड़देवी पीपाड़ा, मीना कोठारी, आशा रांका, मंजू बंब, संतोष सिंघवी, अनिता डांगी,निर्मला बुलिया, शशि जैन, निमिशा बाबेल ,पुष्पा सुराना,अन्नू बाफना, विपुला जैन,शिल्पा राका,नीलू खटोड़,ममता रांका,कविता नाहर, प्रीति पोखरना, मनीषा खजांची, निशा बाफना, नेहा सिंघवी, चन्दना कोठारी , प्रियंका बाफना, लाड़ रांका आदि पदाधिकारी व श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे। समारोह का संचालन स्मिता पीपाड़ा ने किया। आभार महिला मंडल की मंत्री रजनी सिंघवी ने जताया। नवकार महामंत्र जाप से शुरू समारोह में मेवाड़ संघ शिरोमणि मेवाड़ पूज्य प्रवर्तक गुरुदेव श्री अंबालालजी म.सा. की 119 वी जन्म जयंती एवं मेवाड़ सिहनी परम पूज्या महासती श्री यशकुवरजी म.सा. की 87वी दीक्षा जयंती के पावन अवसर पर उनका स्मरण करते हुए हार्दिक श्रद्धा सुमन श्रीचरणों में अर्पित किए गए।मंगलाचरण से कार्यक्रम को मंगल किया ।




## सुपर वुमनियाज का हुआ सम्मान...




**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया।**

सीकर। सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल व 89.6 एफ एम सीकर द्वारा सुपर वुमनिया का सम्मान सी एल सी इंटरनेशनल स्कूल चेलासी मे किया गया! सुपर वुमनिया अवार्ड उन महिलाओं को दिया गया जिन्होंने अपना एक अलग मुकाम हमारे सीकर में बना रखा है ! उन सभी महिलाओं का इंटरव्यू 89.6 एफ एम सीकर पर आर जे ग्रेसी द्वारा लिया गया था. और उन महिलाओ को ही सुपर वुमनिया के सम्मान से आज सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल मैं सम्मानित किया गया ! जिसमें सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर समर चौधरी प्रिंसिपल व टीचर्स के साथ 89.6 एफ एम, सीकर के सी.ओ रक्षा माथुर व आर जे ग्रेसी आर जे संदीप व आर जे रामा आर जे सूरज आर जे राहुल के साथ कैमरामेन पवन सोनी व साउंड प्रभारी अनूप सैनी मौजूद रहे.सुपर वुमनिया के अवार्ड से सम्पति मिश्रा विमला महरिया केसर बुरडक संतोष फोगावट सोमा मुखर्जी आशा चौधरी, कविता चौधरी ,साधना सेठी डॉ.प्रिया मील डॉ सुरभि विनीता माथुर सहित 30 महिलाओ का सम्मान किया गया !सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर ने महिला शक्ति की प्रशंसा करते हुवे उन्हें प्रेरणा स्वरुप बताया और शो की प्रशंसा करते हुवे एफ एम, सीकर को बहुत शुभकामनायें भी दी....

## वीरभूमि झांसी नगर आगमन पर 108 मुनिपुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के दर्शन को उमड़ी भीड़



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जगतपूज्य निर्यापक श्रमण 108 मुनिपुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के पावन चरणों में नमोस्तु। अकल्पनीय क्षण वात्सल्य एवं समर्पित भक्ति का अदभुत मिलन गुरुवर का गुरूदेव से निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 गुरुदेव श्री सुधा सागर जी महाराज और दया भावना फाउंडेशन के माध्यम से हजारों जीवो की रक्षा की प्रेरणा देने वाले गुरुवर मुनि श्री 108 अविचल सागर जी महाराज का भव्य मिलन झांसी में हुआ जो वात्सल्य बड़े छोटे गुरु भाई में देखा वह अवस्मरणीय था।

## वेद ज्ञान

# जीवन महोत्सव

विश्व महामंच के जीवन महोत्सव में हम सभी जीव, पात्रों की भूमिका में हैं। हमारे अभिनय की सफलता हमारी भूमिका में निहित है। हमारी भूमिका हमारी मानसिकता से संबद्ध है। मानसिकता जितनी उन्नत होगी, अभिनय उतना ही श्रेष्ठ होगा। इसलिए जीवन को महोत्सव बनाने के लिए विचारों को सदैव उच्च और सुदृढ़ रखना होता है। मन को न केवल नियंत्रित बल्कि उर्ध्वगामी संचेतना से भरपूर रखना पड़ता है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि भ्रमवश हम स्वयं को ही सूत्रधार भी मान बैठते हैं। जबकि सूत्रधार परमात्मा है। उनके संकेतों पर चलने के लिए ही हम बाध्य हैं। यह बाध्यता कोई परतंत्रता नहीं बल्कि अनुशासन है। दैवीय अनुशासन विश्व की नियति है। इसलिए परमात्मा की छत्रछाया तो एक प्रकार से हमारा संबल है। श्रीमद्भागवत कथा में जीव का प्रतिनिधित्व परीक्षित जी ने किया है। इन्होंने शुकदेव जी जैसे परम संत के माध्यम से ज्ञान और भक्ति को आत्मसात कर जीवन को सार्थक किया है। जीवनमुक्त परीक्षित जी परमधाम को प्राप्त हुए हैं यानी मुक्त हो गए। मनुष्यत्व ही मूल है। यही कारण है कि शास्त्रों ने 'मनुर्भव' यानी मनुष्य बनो का उपदेश दिया है। मनुष्य बनने के लिए हमें सच्चाई से जुड़ना होगा और अपनी शक्ति को पहचानना होगा। नर ही नारायण है, यह अनुभूति करनी होगी। अपना मनोबल बढ़ाने के लिए संयम धारण करना होगा। जप, तप, ध्यान, भक्ति प्रायः एकरूप हैं। इनके अध्ययन से अपनी शक्ति को बढ़ाना होगा। जीवन की वास्तविकता का बोध ही हमारा लक्ष्य है। विवेक के माध्यम से दिव्य शक्ति का अनुभव किया जा सकता है। चारों पुरुषार्थों का जीवन में सुंदर सामंजस्य हो। नैतिक मूल्यों की धारणा ही धर्म है। इस नीति मार्ग को अपनाने की बात ही शास्त्रों में कही गई है। नैतिक व्यक्ति ही धार्मिक होता है। दया, करुणा, सहिष्णुता के भाव उसके जीवन को अधिक उपयोगी बना देते हैं। वह लोकहित को ध्यान में रखकर ही कार्य करता है। अर्थोपार्जन, दूसरा पुरुषार्थ है। यह अर्थोपार्जन भी न्यायसंगत होना चाहिए। जो लोग अनीति से धन कमाते हैं। अंततः उनका विनाश होता है। दांपत्य काम, पुरुषार्थ का रूप है। संयमित प्रेममय जीवन सुख और शांति का पथ प्रशस्त करता है।

## संपादकीय

# विपक्ष को एकजुट करने में जुटे केजरीवाल

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर फिर सक्रिय हो गए हैं। उनकी तरफ से तमाम विपक्षी नेताओं से मुलाकात की जाएगी। दिल्ली की सियासत में फिर उबाल है, केंद्र के एक अध्यादेश ने जमीन पर नए विवाद को हवा दे दी है। अधिकारों की जिस लड़ाई में दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी, उसी राहत में कटौती करने का काम केंद्र ने कर दिया। ऐसा अध्यादेश लाया गया जिस वजह से एक बार फिर पोस्टिंग के मामले में एलजी ही बॉस बन गए। अब उस फैसले के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूरे विपक्ष को एकजुट करना चाहते हैं। उनकी तरफ से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे से मुलाकात की जाएगी। अब ये मुलाकात कहने को एक अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने के लिए मानी जा रही है, लेकिन राजनीतिक जानकार मानते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की



तरह अरविंद केजरीवाल भी 2024 के रण के लिए विपक्ष को एकजुट करना चाहते हैं। इससे पहले भी कई विपक्षी नेताओं से केजरीवाल मुलाकात कर चुके हैं, उनकी तरफ से इस साल मार्च में एक बड़ी बैठक करने की भी तैयारी थी। वो हो तो नहीं पाई, लेकिन उनका इरादा स्पष्ट दिख गया। उसी इरादे के तहत अरविंद केजरीवाल 23 मई को सबसे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने वाले हैं। उनकी ये मुलाकात कोलकाता में ही होने वाली है, इसके बाद 24 मई को वे महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मुलाकात करने वाले हैं। अभी के लिए आप संयोजक का मुख्य एजेंडा तो अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करना है, लेकिन इसके साथ-साथ बीजेपी के खिलाफ विपक्षी एकता की तस्वीर को भी मजबूत करना है लेकिन एक सवाल जरूर उठता है- क्या अरविंद केजरीवाल इस विपक्षी एकता में कांग्रेस को भी साथ रखते हैं? क्या कांग्रेस इस विपक्षी एकजुटता को आगे से लीड करे, ये बात उन्हें स्वीकार होगी? इसे लेकर अभी तक केजरीवाल ने तो अपनी मंशा पूरी तरह साफ नहीं की है, लेकिन कांग्रेस ने कर्नाटक जीत के बाद सरकार के शपथग्रहण समारोह में अरविंद केजरीवाल को न्योता नहीं दिया। जिस मंच को विपक्षी एकता दिखाने का अवसर बताया जा रहा था, वहां पर आम आदमी पार्टी को आने का मौका ही नहीं मिला। आप को ना बुलाना ही बता रहा है कि कांग्रेस अभी भी विपक्षी एकता में अरविंद केजरीवाल को ज्यादा बड़ा खिलाड़ी नहीं मान रही। इस बीच अब अरविंद केजरीवाल विपक्ष को एकजुट करने के लिए अपनी राह पर निकल पड़े हैं। उनकी लिस्ट में भी अभी कांग्रेस का कोई नेता शामिल नहीं है। वे शरद पवार, ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे से तो मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी या किसी दूसरे कांग्रेस नेता से मिलने की योजना नहीं है। यानी कि दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच में वैचारिक मतभेद हैं, उसका असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी दिख रहा है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# डिजिटल इंडिया

अगर आप खुशकिस्मत हैं कि आपके साथ कभी कोई साइबर फ्राड नहीं हुआ, तो सरकार को ऐसे लोगों की मिसाल देश के सामने रखनी चाहिए। आपके किसी साइबर फ्राड से बच जाने की अकेली वजह यह नहीं है कि आप क्रेडिट-डेबिट या एटीएम कार्ड, मोबाइल बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन का कोई भी काम करते समय बेहद सतर्क रहते हैं, बल्कि इसका एक कारण आपका डिजिटल प्रबंधों को लेकर संकोच और कुछ मायनों में डिजिटल अज्ञान भी हो सकता है। वरना हालत यह है कि इंटरनेट की मामूली जानकारी रखने वालों के आगे बेहद पढ़े-लिखे लोगों और एक दावे के मुताबिक कंक्रीट की मोटी दीवारों के पीछे डाटा और रुपये-पैसे को संभालने वाले सरकारी तंत्र के प्रबंध तक निहायत कमजोर और निरुपाय साबित हो रहे हैं। सरकार इसे लेकर संजीदा है कि तेजी से बढ़ रहे साइबर फजीवाड़े रोके जाएं। एक ताजा पहल मोबाइल ट्रैकिंग सिस्टम बनाना है। हाल में लांच किए गए केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर यानी सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटी रजिस्टर- सीईआइआर के जरिए यह व्यवस्था बनाई जा रही है कि देश में अगर कोई शख्स चोरी अथवा खो चुके अपने मोबाइल फोन को ट्रैक करना और उसे ब्लाक करना चाहे तो ऐसा कर सकता है। अभी तक ऐसी सुविधा एप्पल के आईफोन धारकों को उसकी निमार्ता कंपनी एप्पल आईडी के नाम से प्रदान करती रही है, लेकिन अब सी डाट यानी सेंटर फार डिपार्टमेंट आफ टेलीमैटिक्स की ओर विकसित की गई सीईआइआर से हर कोई अपने सामान्य एंड्रायड फोन में भी ऐसा कर सकेगा। यह प्रबंध साइबर फजीवाड़ों की जड़ पर प्रहार कर सकता है, बशर्ते आम लोग इसके बारे में जागरूक हों और इसे इस्तेमाल करना सीख जाएं। आम तौर पर ज्यादातर साइबर या डिजिटल धांधलियों का केंद्र वह स्मार्टफोन ही होता है, जिसमें व्यक्ति की पहचान और डिजिटल लेनदेन के इंतजाम विभिन्न ऐप के जरिए किए गए हैं। साइबर फर्जीवाड़ों के तार सिर्फ आईटी या कहें सिर्फ इंटरनेट से ही नहीं जुड़े हैं। बर्तन-कपड़े से लेकर मोबाइल के बदले में बराबर वजन के जीरे-धनिये का लालच देकर पुराने मोबाइल फोनों की खरीद-फरोख्त, सिम हासिल करना, फर्जी आधार कार्ड बनवा लेना- ये सब हमारे देश में इतना आम हो गया है कि अपराध की नीयत से कोई भी व्यक्ति सैकड़ों सिम, आधार कार्ड और हजारों-लाखों की निजी जानकारियां हासिल कर लेता है। सबसे ज्यादा मुश्किल उन लोगों के लिए है, जिन्हें बैंकिंग, खरीदारी के वर्चुअल विकल्प मजबूरी में अपनाने पड़े और जिन्हें साइबर उपायों की समझ और जानकारी बिल्कुल नहीं है। ऐसे लोग एटीएम से पैसे निकालने के लिए अक्सर अनजान लोगों की मदद लेते हैं। उन्हें अपने एटीएम का पिन नंबर तक बता देते हैं। इसी तरह जो ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) लेनदेन में जरूरी बनाया गया है, उसकी जानकारी भी सहजता से किसी को भी दे देते हैं। समस्या का दूसरा पहलू देश में हुई डिजिटल क्रांति से भी जुड़ा है। देश में 1 जुलाई 2015 से शुरू हुए डिजिटल इंडिया नामक कार्यक्रम का पवित्र उद्देश्य वैसे तो देश के गांव-गांव में ब्राडबैंड पहुंचाना और हर नागरिक को हाई स्पीड इंटरनेट से जोड़ना है। इससे प्रत्येक नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और बैंकिंग, पढ़ाई, खरीदारी के अलावा असंख्य काम घर बैठे हो सकेंगे। संदेह नहीं कि बीते सात वर्षों में इंटरनेट आधारित कामकाज की यह व्यवस्था हमारे जीवन में काफी गहरे पैठ गई है।




कविता कुमावत साड़ी क्वीन

शी सर्कल इंडिया इवेंट

## कविता बनी उदयपुर साड़ी क्वीन, ज्योति को रीजनल साड़ी क्वीन का खिताब

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

शी सर्किल इण्डिया की ओर से सोमवार को लेकसिटी मॉल स्थित रेडिसन ग्रीन होटल में साड़ी महोत्सव आयोजित हुआ। शी सर्कल इंडिया संस्थापक तारिका भानुप्रताप ने बताया कि उदयपुर साड़ी महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं में भारतीय संस्कृति और साड़ी परिधान को अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस आयोजन में 200 से अधिक महिलाओं प्रतिभागियों ने सिल्क, कॉटन,बंधेज,लहरिया, शिफॉन, रीजनल, क्रिएटिव, जैसी कई साड़ी ड्रेप और डिजाइन स्पर्धा में भागीदारी निभाकर पुरस्कार जीते। आयोजन का मुख्य टाइटल उदयपुर साड़ी क्वीन कविता कुमावत ने जीता। वहीं, रीजनल साड़ी क्वीन का खिताब प्रतिभाशाली युवा चित्रकार ज्योति चोरड़िया को मिला। इस अवसर पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल पूनम राठौर, रॉकवुड प्रिंसिपल वसुंधरा, आई एनआईएफडी से प्राची मेहता, केयर हेल्थ इंश्योरेंस से देव पुरोहित, युवती साड़ी से जितेंद्र सिंह सहित मोनिका मेवाड़ा, रश्मि पगारिया, डॉ स्मिता सिंह, पिंकी मंडावत, विजयलक्ष्मी गलुडिया, शालिनी भटनागर, चंदा चौधरी, श्रद्धा गट्टानी, साधना तलेसरा, डीएसपी उदयपुर चेतना भाटी आदि ख्यात महिला शक्ति और शी सर्किल की कई सदस्याएं मौजूद थी। गौरतलब है कि पूरे इवेंट में युवती साड़ी, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, आई एनआईएफडी, स्वर्णा सिल्वर तथा वैलनेस स्पा एंड सलून का सहयोग मिला। रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'




ज्योति चोरड़िया को मिला
रीजनल साड़ी क्वीन का खिताब









# आदिनाथ मित्र मंडल ने की मुहाना के पारस विहार जैन मंदिर में की शांतिधारा व अभिषेक










**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आदिनाथ मित्र मंडल ने रविवार को जैन मंदिरों के दर्शन की कड़ी में प्रातः सांगानेर संघी जी मंदिर, मुहाना जैन मंदिर, नेवटा जैन मंदिर में दर्शन किये तथा मुहाना के पारस विहार स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में प्रातः शांतिधारा व अभिषेक किये। संस्था के मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि इस अवसर पर राकेश गोदिका, सुनील जैन, कमल कांत जैन, अनिल जैन गायत्री नगर, साकेत जैन, अशोक सेठी, अनिल जैन चित्रकूट कॉलोनी, संजय जैन छाबड़ा आवा वाले उपस्थित थे। अभिषेक के पश्चात सभी नारायण विहार स्थित पार्श्वनाथ नारायण विहार में निमार्णाधीन दिगंबर जैन मंदिर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा उसमे सहयोग का आश्वासन दिया।

# नशे में युवा पीढ़ी, दांव पर लग रही भारतीय संस्कृति



**शाबाश इंडिया।** वर्तमान परिदृश्य में समाज को देखें तो पता चलता है कि युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति को दिन-प्रतिदिन पीछे छोड़कर आगे आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल होती जा रही है। संस्कृति-संस्कार ऐसे अभिन्न अंग हैं जिनसे समाज तय होता है। कहा जाता है कि जिस प्रकार की संस्कृति व संस्कार किसी समाज में प्रचलित होंगे, उसी स्तर का समाज सभ्य माना जाता है। हमारे देश-प्रदेश की संस्कृति व संस्कार वैश्विक मंच पर आदर्श स्थान पर रहे हैं। भारतीय जीवनशैली को विश्व में सबसे श्रेष्ठ व सभ्य माना जाता रहा है। लेकिन समय के चक्र व पाश्चात्य प्रभाव ने कई संस्कृतियों के संस्कारों को उधेड़ कर रख दिया। आज अधिकांश लोग संस्कृति व संस्कारों के साथ जीने को पिछड़ापन मानते हैं, लेकिन पिछड़े हुए तो उन्हें कहा जा सकता है जो अपनी संस्कृति व संस्कारों से छिटक कर अपना पाश्चात्यकरण कर चुके हैं। भारत की संस्कृति व सभ्यता का तर्क व वैज्ञानिक आधार रहा है, जिसने पूरे विश्व को जीवन मार्ग पर चलना सिखाया, तभी भारत को ह्यविश्व गुरुह्व जैसी उपमाओं से अलंकृत किया जाता रहा है। लेकिन वर्तमान में समाज का अधिकांश वर्ग आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी संस्कृति व संस्कारों को भुला चुका है। माता-पिता को सम्मान देने की बजाय उन्हें वृद्धाश्रमों में जीवन काटने के लिए या यूं कहें कि मौत के इंतजार के लिए छोड़ दिया जाता है। जिन माता-पिता ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना जीवन कष्टों में काटा, आज उन्हें घरों से ही निकाला जा रहा है। जहां विवाह-शादियों में बेटियों को डोलियों में विदा किया जाता था, आज स्टेज पर ही सारी औपचारिकताएं निभा दी जाती हैं। युवा खेलों को छोड़कर नशे को ही खेल समझ बैठे हैं। अपनी ताकत गलत कार्यों में लगाकर युवा पीढ़ी संस्कृति की जड़ों से कट चुकी है। पहले गुरु-शिष्य के संबंधों की महिमा लोगों की जुबां पर होती थी, आज युवा गुरुओं को सम्मान देने की बजाय कई बार तो सामने आने पर रास्ता बदल लिया करते हैं। जहां त्यौहारों व रीति-रिवाजों को सामूहिकता व अपनेपन की भावना तथा संस्कृति के एक हिस्से के रूप में मनाया जाता था, समाज में हर्षोल्लास व भातृभाव रहता था, आज उन्हीं त्यौहारों पर बस सोशल मीडिया में बधाई के फोटो डालकर इतिश्री करना व ऐसे अवसरों पर नशा करने का प्रचलन बढ़ गया है, मानो आज के युवाओं को नशे करने के लिए अवसर चाहिए हो। त्यौहारों के अवसर पर जहां लोक संगीत व लोक संस्कृति का परिचय देखने को मिलता था, वहां आज ऊंची आवाज में डी.जे. लगाकर इन त्यौहारों की औपचारिकताएं पूरी होती नजर आती हैं। बड़े-बड़े क्लब और शादी विवाह में होने वाले कार्यक्रमों में अक्सर युवाओं को शराब के नशे में धुत देखा जाता है उन्हें लगता है कि खुशियों में सबसे ज्यादा जरूरत शराब के नशे की है लेकिन वह नहीं जानते कि उनके आसपास से रहने वाले छोटे-छोटे बच्चे जो विवाह में सम्मिलित होते हैं जो ये सब देखकर वहीं सीखते हैं जो आप सब नशे की हालत में करते हैं। कई बार सुनसान इलाके में ले जाकर भी महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं शादी विवाह में देखने मिलती है। लगभग संस्कृति को दरकिनार करके आधुनिकता मे अपने जीवन को दांव पर लगाने वाले युवा पीढ़ी ही नहीं महिलाएं भी कहीं ना कहीं इस गर्त में उतर गई है। फटे कपड़े पहन कर उसे फैशन का नाम देने वाली महिलाएं अक्सर जालसाजी मे फंसती है जो नाइट क्लब बगैरह मे धूम्रपान करते नजर आती है। आजकल टीवी पर दिखाने वाले प्रचार मे भी युवा अभिनेता सभी धूम्रपान करके इवेंट्स कंपनियों का प्रचार प्रसार करते हैं जो हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं है। जरूरत है समाज में जागरुकता की और अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरी है वो पारम्परिक रूप से मनाए जाने वाले कार्यक्रमों पर जोर देना चाहिए। जन्मदिन हो या शादी की वर्षगाँठ, सब मे शराब इत्यादि बंद कर देना चाहिए। ताकि हमारी संस्कृति की छाप युगों युगों तक रहे।



पूजा गुप्ताः मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)

# निशुल्क नेत्र जांच एवम नि:शुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन हुआ



जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच एवम निशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन हुआ। मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री दिनेश काला, एवं पदाधिकारी निर्मल पांड्या, सुगन पापड़ीवाल, महेश बांछल, अशोक गंगवाल, संजय जैन, विजय सोगानी ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में रविवार दिनांक 21 मई 2023 को प्रातः 10:00 से सायः 4:00 तक श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, झोटवाड़ा, जयपुर, पार्श्वनाथ भवन, धर्मशाला में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसमें 355 लोगो ने नेत्र जांच कराई। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष धीरज कुमार पाटनी, एवं पदाधिकारी सुरेश पाटनी, अशोक बज राकेश रावका संजय काला ने आभार व्यक्त किया। मंदिर प्रबंध समिति समाज की सदस्य श्रीमती डिंपल जैन एवं डॉक्टर्स एवं पूरी टीम का अतुलनीय सहयोग प्रदान किया।

# श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर पटेल नगर झोटवाड़ा में धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति व श्रमण संस्कृति संस्थान और संत सुधा सागर बालिका छात्रावास एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर पटेल नगर झोटवाड़ा, में सांगानेर छात्रावास से आये विद्वान डॉ हेमंत भैयाजी द्वारा बच्चों को छोटी-छोटी जैन धार्मिक कविताओ व खेल खेल के माध्यम से रोचक एवं मनोरंजन तरीके से पढ़ाया जा रहा है। स्थानीय विद्वान व शिविर संयोजिका सुश्री अवधी जैन ने बताया की छोटे बच्चो को भाग प्रथम व बड़े बच्चो को भक्तामर जी सिखाया जा रहा है। सभी धार्मिक शिविर में जोश एवं उत्साह से भाग ले रहे हैं। पण्डितजी द्वारा बताया गया कि देव शास्त्र गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा रखना आवश्यक है। पण्डितजी द्वारा बच्चों को 24 तीर्थंकर के नाम व चिन्होको विस्तार से समझाया गया। रोज धार्मिक शिक्षण शिविर में आने वाले बच्चों को चंद्रप्रभ जैन पाठशाला परिवार द्वारा पारितोषिक दिए जाते है।



# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर में धार्मिक शिक्षण शिविर में बच्चो को पूजन कराई

जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति श्रमण संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर में धार्मिक शिक्षण शिविर 14 मई रविवार 2023 से चल रहा है।इस शिविर के तत्वावधान में आज दिनांक 21 मई 2203 रविवार को विदुषी दीदियों द्वारा सभी बच्चों एवम महिलाओं को पूजन करवाई गई तथा साथ ही विदुषी दीदियों ने पूजन के महत्व के बारे में बहुत ही सरल तरीके से बताया। सभी बच्चों एवम महिलाओं ने पूजन में बहुत ही उत्साह एवम भक्ति भाव से हिस्सा लिया। विदुषी दीदियों द्वारा बहुत ही सुंदर आवाज में भजन गा कर बच्चो से भक्ति करवाई। इसी मौके पर मंदिर के मंत्री अनिल बाकलीवाल ने बताया कि पूजा का ऐसा दृश्य उन्होंने मंदिर जी में पहले कभी नहीं देखा। उन्हों बताया कि वर्तमान परिवेश में जहा बच्चे मोबाइल एवम टेलिविजन पे लगें रहते है ऐसे समय में



बच्चो को अपने धर्म के प्रति जागरूक करवाना बहुत ही आवश्यक हैं।पार्श्वनाथ संभाग की अध्यक्ष श्रीमती नीता जैन एवम मंत्री श्रीमती भंवरी देवी जी ने बच्चो एवम महिलाओं को बहुत ही अनुशासनात्मक तरीके से बिठाकर पूजन प्रक्रिया को बहुत ही अच्छे एवम व्यवस्थित तरीके से पूर्ण करवाया।श्रीमती गुणमाला जैन और नीरा जैन द्वारा बच्चो को अल्पाहार देकर शिविर का समापन किया गया।

# अनमोल बी किपींग क्लस्टर में आर्टिजनों के साथ मनाया विश्व मधुमक्खी दिवस



रावतसर. शाबाश इंडिया। स्थानीय अनमोल बी कीपिंग कलस्टर में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। जिसमें सचिव लालसिंह ने अपने विचार रखते हुए बताया कि हनुमानगढ़ जिले का रावतसर शहर हनी मिशन में बड़ा भागीदार बन कर उभरा है। अनमोल मल्टीपर्पज एक्टिवीटीज एंड सोशल सर्विसेज सोसाइटी संस्था मधुमक्खी पालन के लिए लगातार काम कर रही है।इस क्षेत्र में शहद उत्पादन में थोड़े से समय में बड़ी तेजी आई है। इसलिये हनुमानगढ जिले के रावतसर शहर में सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की पुनरोत्थान स्फूर्ति योजना के अर्न्तगत यहां कलस्टर स्थापित किया जा रहा है।सचिव लाल सिंह ने बताया कि इस कलस्टर में 250 आर्टिजनो को जोड़ा गया है।इससे किसान परिवारों को रोजगार मिला है।हमारे क्षेत्र मे ग्रामीणों किसानों को भी मधुमक्खी पालन का लाभ मिलेगा।संस्था के सचिव ने बताया कि शहद रिफ्रेश अलावा अनेक प्रकार का व पैकिंग में शुद्ध प्राकृतिक शहद कम कीमत पर उपलब्ध होगा।कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के अध्यक्ष राजकुमार व एसपीवी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव ने अपने विचार रखते हुए बताया कि शहद आजकल हर घर की रसोई का हिस्सा है।शहद प्राकृतिक औषधि है इसे हर घर में रखना चाहिए।

# सफलता का पहला सूत्र मेहनत: गुरु मां गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

पारस जैन पार्श्वमणि. शाबाश इंडिया

कोटा। प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में वलल्भवाडी कोटा में धर्म की महती गंगा बह रही है। पूज्य माताजी के मुखारविंद से आनंदयात्रा , प्रातः समय अभिषेक शांतिधारा निर्विघ्न संपन्न हो रही है। माताजी अपने प्रवचनों के माध्यम से सभी श्रावकों को प्रत्येक क्रिया , संस्कृति व संस्कारों से अवगत करा रही हैं। पूज्य माताजी ने धर्मसभा में कहा कि - सफलता जीवन का पहला सूत्र है।पढ़ाई हो या करियर, सफलता के लिए कोशिश सभी करते हैं लेकिन ज्यादातर लोग एक छोटी सी गलती करते हैं और बाकी बची जिंदगी न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए न्यूनतम सफलता हेतु संघर्ष करते हुए बिता देते हैं। यदि हम दिल से मेहनत करें सफलता झक मारकर हमारे पास आयेगी। हम जितनी खामोशी से मेहनत करेंगे सफलता उतना ही शोर मचायेगी। एक चिड़िया रोज अपना घोंसला बनाने के लिए तिनके इकट्ठा करती थी और एक शैतान आदमी रोज उस चिड़िया का घोंसला तोड़ देता था।ऐसा कई महीनों तक चलता रहा परंतु चिड़िया ने घोंसला बनाना बंद नहीं किया लेकिन उस शैतान आदमी ने आखिर थक हार कर चिड़िया का घोंसला तोड़ना बंद कर दिया और फिर कुछ ही दिनों में चिड़िया ने अपने घोसलें में अंडे दिए।जिनमें से प्यारे-प्यारे चिड़िया के बच्चे बाहर आए।उन नन्हें-नन्हें प्यारे बच्चों को देखकर वह आदमी भी बहुत खुश हुआ, उनकी देखभाल करने लगा, उनके लिए दाने डालने लगा।एक दिन उसने चिड़िया से पूछा कि मैं तो तुम्हारा घोंसला रोज तोड़ देता था परंतु तुमने अपना काम करना बंद क्यों नहीं किया, तो चिडिया ने कहा कि भैया आप अपना काम कर रहे थे और मैं अपना।जिस प्रकार उस छोटी सी चीड़िया ने मेहनत करना नहीं छोड़ी तो वह अपने कार्य में सफल हुई ।वैसे ही हमें भी मेहनत से कार्य करना चाहिए।मेहनत ही सफलता का पहला सूत्र है।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# रोटरी मीन्स बिजनेस फेलोशिप का तीन दिवस नेशनल कॉन्क्लेव 19 से 21 मई तक संपन्न







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी मीन्स बिजनेस फेलोशिप का तीन दिवस 19 से 21 मई तक अब तक सबसे पहला नेशनल कॉन्क्लेव जो कि हिलटन होटल में आयोजित हुआ ।इस कॉन्क्लेव में देश विदेश से करीब 150 आरएम्बी मेंबर्स ने भाग लिया। इस पहली नेशनल कॉन्क्लेव में अमेरिका से फाउंडर चेयरमैन मार्क ब्रुशील उनकी पत्नी मील, चेयरमैन सचिन गुरुराज फर्स्ट लेडी स्मिथ गुरुराज, सचिव राजमोहन , डायरेक्टर कल्पना श्रीललित, मॉरीशस से नए चुने गए डायरेक्टर नूरवीन रेट्टी पत्नी होणिता ०अरविन्द बतरा व सुनीता बतरा सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। फोर्टी के चेयरमैन सुरेश अग्रवाल, फोर्टी महिला विंग की महासचिव ललिता कुच्छल के साथ केन्या में होने वाली 5 से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाली ट्रेड एक्सपो में आरएम्बी मेमबर भी हिस्सा ले सकते हैं। इएचसीसी अस्पताल के डॉक्टर संजीव शर्मा के साथ के साथ दिल की बीमारी से बचाव के ऊपर टॉक शो हुआ व एमएसएमई स्कीम जानकारी वी के शर्मा ने दी। शनिवार शाम को मेंबर्स के लिए फैशन शो आयोजित हुआ जिसमे पवन टांक की टीम ने फैशन का जलवा बिखेरा इस फैशन शो में सुनीता बतरा ०मनप्रीत तनेजा शो स्टॉपर रहे। इस फैशन शो में सभी चैप्टर्स के मेमेबर्स अपने अपने फ्लैग के साथ मॉडल्स के साथ रैंप वाक किया। हाल ही में आयोजित आरएम्बी चुनावो में नयी इंटरनेशनल डायरेक्टर्स नूरवीन रेटी, राजमोहन व अरविंद बतरा का नए बोर्ड में स्वागत किया गया। यह कॉन्क्लेव रोटरी मीन्स बिजनेस जयपुर चैप्टर ने होस्ट किया। चेयरमैन अरविन्द बतरा ने यह जानकारी दी इसमें देश विदेश से बिजनेसमैन पधारे इस प्रोग्राम को आर जे सचिन संचालित किया व मीडिया प्रभारी बसंत जैन ने यह जानकारी दी कि रविवार को यह कांक्लेव संपन्न हुआ जिसमें सभी ने एक दूसरे के बिजनेस के बारे में जानकारी हासिल की व एक दूसरे के भविष्य में व्यापार के लिए समझौते हुए। अंत में जिन लोगो ने अच्छा काम किया इनको सम्मानित किया गया।

# धार्मिक शिक्षण शिविर का निरीक्षण एवं नई इकाई का गठन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री वासू पूज्य दिगम्बर जैन मंदिर , गोवर्धनपुरा , सांगानेर में दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल द्वारा आयोजित धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का निरीक्षण हेतु महेन्द्र कुमार जैन पाटनी राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्याध्यक्ष , डॉ राजेन्द्र कुमार जैन राष्ट्रीय सयुँक्त मन्त्री, कैलाश चन्द मलेया शिविर संयोजक और पवन कुमार जैन सांगानेर सम्भाग के संगठन मन्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार जैन एवं समाज के प्रतिष्ठ लोगों द्वारा आगन्तुकों का स्वागत किया गया। शिविर के शिविरारथिओं मैं काफी जोश देखने को मिला। समस्त व्यवस्था व्यवस्थित पाई गई। इस अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिती के महेन्द्र कुमार जैन पाटनी द्वारा सांगानेर सम्भाग की एक नई इकाई का विधिवत गठन किया गया जिसमें डॉ सुरेन्द्र कुमार जैन को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया और सुशील कुमार जैन को इकाई के मन्त्री पद पर मनोनीत किया गया। महेन्द्र कुमार जैन पाटनी ने नई इकाई के अध्यक्ष और मन्त्री को माला एवं दुपटा पहनाकर स्वागत किया और बधाई एवं शुभकामनाएँ दी कि यह मन्दिर एवं समाज निरन्तर प्रगति और विकास करती रहे।





# श्री सिद्धकूट चैत्यालय सोनी जी की नसियां अजमेर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से सम्पन्न





अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया

अजमेर ।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धकूट चैत्यालय सोनी जी की नसियाँ अजमेर का 158 वां स्थापना दिवस ज्येष्ठ सुदी दोज, रविवार, को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः'काल 7.00 बजे श्रीजी के अभिषेक/ शांतिधारा तत्पश्चात तीर्थंकर प्रभु पूजन व पंचकल्याणक महापूजन का आयोजन भक्ति पूर्वक किया गया। समाज के गणमान्य बंधुओ की उपस्थिति में सोनीजी की नसियाँ के गगनचुम्बी शिखर पर नई ध्वजा चढाई गई। श्री सिद्धकूट चैत्यालय टेम्पल ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रमोद सोनी एवं लेखचंद गदिया, प्रवीण गदिया, मिश्रीलाल गदिया, सुनील गदिया, विपिन गदिया, सुशील बाकलीवाल (अध्यक्ष, मुनि संघ सेवा समिति, अजमेर), प्रकाश पाटनी, सुबोध पाटनी, कमलकुमार लुहाड़िया, राजेन्द्र शाह, महिम गदिया, नवीन गदिया, जितेन्द्र जैन, आदि साधर्मी बंधु व मातृ शक्ति ने उपस्थिति होकर पुण्य संचय किया।

